**प्रेस नोट-जनपद सीतापुर**

# 72 घंटे में गुमशुदा 04 बालिकायें/युवतियां सकुशल बरामद

**दिनांक 31.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा महमूदाबाद क्षेत्र से एक साथ गुम हुई 04 बालिकाओं की शीघ्र एवम् सकुशल बरामदगी के निर्देश दिये गये थे।

उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में गुमशुदा हुई चार बालिकाओं/युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया गया है।

दिनांक 27.08.2026 को थाना महमूदाबाद क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि उनके परिवार एवं पड़ोस की चार बालिकाएं/युवतियां (उम्र क्रमशः 14, 15, 16 एवं 22 वर्ष) एक साथ शाम को निकली थीं, जो देर शाम तक वापस नहीं आईं। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 334/2026, धारा 137(2) बीएनएस (BNS)** बनाम अज्ञात पंजीकृत कर तलाश हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम के निरंतर प्रयास व सुरागरसी-पतारसी के फलस्वरूप उक्त चारों बालिकाओं/युवतियों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ एवं पुलिस के समक्ष दिए गए बयानों के अनुसार, बालिकाएं स्वेच्छा से आर्थिक आत्मनिर्भरता (पैसे कमाने) के उद्देश्य से घर से गई थीं। अब तक की जांच एवं बयानों से प्रकरण में किसी भी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं पाया गया है। नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु बालिकाओं को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।